| NAME | PLACE | DATE |
| --- | --- | --- |
| Business Remedies | Jaipur | 05.08.2026 |

**BTTL**

# भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड

**सीआईएनः** L18101RJ2007PLC025502

**पंजीकृत कार्यालयः** एलएनजे नगर, मोर्दी, बांसवाड़ा - 327001, राजस्थान, भारत

**फोनः** +91-9116613745, 9116613746

**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा - 201301, (उ.प्र.), **फोनः** +91-120-4390300 (EPABX)

**ईमेलः** bttl.investor@lnjbhilwara.com, **वेबसाइटः** www.bttl.co.in

PROUD TO BE INDIAN PRIVILEGED TO BE GLOBAL

## 19वीं वार्षिक आम बैठक ("19वीं एजीएम") एवं रिमोट ई–वोटिंग की सूचना

30 जुलाई, 2026 को जारी किए गए हमारे अखबार के विज्ञापन के क्रम में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड (**"कम्पनी"**) के सदस्यों का **19वीं एजीएम बृहस्पतिवार, 27 अगस्त, 2026 को अपराह्न 2:00 बजे**, कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों, उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के साथ पठित इस संबंध में कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय या सेबी द्वारा जारी परिपत्रों के अनुपालन में, 19वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित सामान्य व्यवसायों के, एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, संपादित करने हेतु आयोजित की जाएगी। एजीएम का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

19वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, **मंगलवार, 4 अगस्त, 2026** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कम्पनी के उन सदस्यों को प्रेषित कर दी गई हैं, जिनके पास **शुक्रवार, 24 अगस्त, 2026** तक शेयर प्रतिरक्षित हों तथा जिनके ईमेल पते कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, उन सदस्यों को 19वीं एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना भेजने हेतु वेब–लिंक सहित एक पत्र भेजा जा रहा है, जिनका ईमेल पता कम्पनी/डीपी के पास पंजीकृत नहीं है। इसके अतिरिक्त, वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन सदस्यों को प्रदान की जाएगी जो इसके लिए **bttl.investlor@lnjbhilwara.com** पर अनुरोध करेंगे।

ई–वोटिंग की कट–ऑफ तारीख अर्थात् बृहस्पतिवार, 20 अगस्त, 2026 को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्य, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") द्वारा प्रदान की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली ("रिमोट ई–वोटिंग") के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है किः–

i) 19वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित साधारण एवं विशेष व्यवसायों का सम्पादन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान द्वारा किया जाएगा;

ii) रिमोट ई–वोटिंग **सोमवार, 24 अगस्त, 2026 को 9:00 बजे पूर्वाह्न** (आईएसटी) आरम्भ होगी; तथा **बुधवार, 26 अगस्त, 2026 को 5:00 बजे अपराह्न** (आईएसटी) समाप्त होगी;

iii) ई–वोटिंग अथवा 19वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने हेतु कट–ऑफ तिथि **बृहस्पतिवार, 20 अगस्त, 2026** है;

iv) कोई भी व्यक्ति, जो कम्पनी के शेयर खरीदता है और कम्पनी द्वारा ईमेल के माध्यम से 19वीं एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है एवं बृहस्पतिवार, 20 अगस्त, 2026 ("कट–ऑफ तारीख") तक शेयर प्रतिरक्षित रखता है, वह **evoting@nsdl.com** पर एनएसडीएल को या कम्पनी के ईमेल पते **bttl.investor@lnjbhilwara.com** पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही रिमोट ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है;

v) **सदस्य कृपया ध्यान दें किः क)** मतदान हेतु उपर्युक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिए जाने के पश्चात्, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी; **ख)** जिन सदस्यों ने 19वीं एजीएम की तिथि से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला हो, वे वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 19वीं एजीएम में भाग ले सकते हैं, परन्तु 19वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंग; **ग)** 19वीं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला हो, वे 19वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना वोट डालने हेतु अधिकृत होंग; एवं **(घ)** वह व्यक्ति जिसका नाम ई–वोटिंग हेतु कट–ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हो, वह रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने, वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 19वीं एजीएम में भाग लेने तथा 19वीं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग करने हेतु अधिकृत होगें।

vi) 19वीं एजीएम की सूचना एवं कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.bttl.co.in**, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर तथा एनएसडीएल (एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।

vii) किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध सदस्यों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (FAQs) एवं सदस्यों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल देख सकते हैं या टोल फ्री नंबरः 022–4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं या **evoting@nsdl.com** पर एक अनुरोध भेज सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के मामले में, कृपया सुश्री पल्लवी म्हात्रे, डिप्टी वाईस प्रेसिडेंट, एनएसडीएल से तृतीय तल, नमन चैम्बर, प्लॉट सी–32, जी–ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र – 400 051 एवं निर्दिष्ट ईमेल आईडीः **evoting@nsdl.com** पर संपर्क करें।

viii) जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अपने ईमेल पते पंजीकृत करा लें:

क. भौतिक रूप शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों हेतु, कृपया फॉर्म ISR–1 में स्कैन की गई हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र, जिसमें आपका फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की प्रति (सामने और पीछे), पूरा पता, पंजीकृत किए जाने वाले ईमेल पते के साथ–साथ पैन की स्व–सत्यापित प्रति का उल्लेख हो, बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ("आरटीए") बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली–110062 को भेजें।

ख. डीमैट रूप में शेयर प्रतिरक्षित करने वाले सदस्यों हेतु, कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपना ईमेल पता अद्यतनित करें।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ हेतु जारी की जा रही है एवं यह एमसीए परिपत्रों तथा सेबी परिपत्रों के अनुपालन में है।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड**
**हस्ताक्षर**
**अवनीष मौर्य**
**कम्पनी सचिव एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी**
**सदस्यता संख्याः एसीएस–49392**

**स्थानः नोएडा (उ.प्र.)**
**दिनांकः 04 अगस्त, 2026**